राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, बारां (राज.)

क्रमांक : दिनांक :

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के द्वारा की गई मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-Urban) के तहत स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु संख्या 10 अनुसार प्रत्येक नगरीय निकाय स्तर पर इस योजना का IRGY-Urban प्रकोष्ठ गठित करने के क्रम में निम्नांकित विशेषज्ञ संविदा कार्मिको को नियोजन किये जाने हेतु बारां जिले की समस्त 5 नगरीय निकायों (नगर परिषद बारां और नगर पालिका छबड़ा/अन्ता/मांगरोल/अटरू जिला बारां) में निम्नानुसार As Per Department of Personnel (A.Gr.–II), Government of Rajasthan's Notification No. F.17(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, dated : 11.01.2022) पदो के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | मानदेय (प्रतिमाह) रूपये में | नगर परिषद बारां के लिए संविदा पदो की संख्या | नगर पालिका अन्ता (नगर पालिका ग्रेड द्वितीय) के लिए संविदा पदो की संख्या | नगर पालिका छबड़ा (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदो की संख्या | नगर पालिका मांगरोल (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदो की संख्या | नगर पालिका अटरू (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदो की संख्या | बारां जिले की समस्त 5 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री (उत्तीर्ण) | 40,000/– | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 |
| 2. | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा (उत्तीर्ण) | 30,000/– | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 11 |
| 3. | लेखा सहायक | बी.कॉम/सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.) /ICWA(इन्टर)/कम्पनी सेक्रेटरी (इन्टर) (उत्तीर्ण) | 25,000/– | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 4. | MIS मैनेजर | BCA (उत्तीर्ण) | 25,000/– | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 5. | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक (उत्तीर्ण) + RSCIT कोर्स (उत्तीर्ण) | 15,000/– | 4 | 3 | 2 | 2 | 2 | 13 |

संविदा पदों का वर्गीकरण (वर्गवार आरक्षण) :–

| क्र.सं. | संविदा पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | सामान्य | | | पिछड़ा वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अति पिछड़ा वर्ग | | | सहरिया वर्ग | | | आर्थिक कमजोर वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा | सामान्य | महिला | विधवा |
| 1. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 5 | 3 | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 | — | — | — | — | — |
| 2. | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 11 | 5 | 2 | — | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 2 | — | — | 1 | — | — |
| 3. | लेखा सहायक | 6 | 4 | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 | — | — | — | — | — |
| 4. | MIS मैनेजर | 6 | 4 | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 | — | — | — | — | — |
| 5. | शहरी रोजगार सहायक | 13 | 5 | 2 | — | 1 | — | — | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — | 3 | — | — | 1 | — | — |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय प्रमाणित शैक्षणिक/जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 9/6/22 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 27/6/22 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय नगर परिषद बारां में व्यक्तिशः उपस्थित होकर अथवा ई–मेल आईडी irgyonlineform@gmail.com पर भिजवाए। विज्ञप्ति से सम्बन्धित अन्य सूचनाऐं/निर्देश जिला वेबसाईट baran.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जावे।

**शर्ते एवं नियमः–**

1. राज्य सरकार के द्वारा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत समय–समय पर जारी दिशा निर्देश इस विज्ञप्ति का भाग माने जावेगें।
2. इस योजना का प्रशासनिक विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार है।
3. इस योजनान्तर्गत उक्त सविंदा पदो के वर्ग के वर्गीकरण एंव संविदा अनुबंध के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना/आदेश/परिपत्र आदि के द्वारा प्रदत्त विभिन्न दिशा निर्देशों के तहत् आरक्षण रोस्टर के अनुसार है।
4. इस संविदा भर्ती हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नही है।
5. इच्छुक अभ्यर्थी को अपना आवेदन पत्र ए–4 साईज के कागज पर निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में, जिसमें आवेदक के नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, स्थाई पता, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आईडी सहित शैक्षणिक योग्यता के विवरण के साथ में शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि के प्रमाण/जाति प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेजो की स्व–प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 9/6/22 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 27/6/22 को साय: 5 बजे तक कार्यालय नगर परिषद बारां में व्यक्तिशः उपस्थित होकर अथवा ई–मेल आईडी irgyonlineform@gmail.com पर भिजवाए। विज्ञप्ति से सम्बन्धित अन्य

सूचनाऐं/निर्देश जिला वेबसाईट baran.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जावे।

6. इच्छुक आवेदक अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ में सक्षम अधिकारी के स्तर से जारी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण/जन्म प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतियां या अन्य दस्तावेज, जो भी आवश्यक हो तद्नुसार उन सभी प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी है।
7. चयनित अभ्यर्थी को संविदा नियुक्ति के समय स्वास्थ्य पमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें। प्रमाण पत्र छः माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिये।
8. अभ्यर्थी को विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र/अविवाहित होने, संतान सम्बन्धी, किसी भी प्रकार का नशा नही करने के संबंध में नियमानुसार पृथक–पृथक रूप से स्टाम्प पर नोटेरी प्रमाणित सहित घोषणा–पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।
9. इच्छुक अभ्यर्थी के आवेदन में सभी प्रविष्टियां पूर्ण होनी आवश्यक है और तद्नुसार सभी आवश्यक दस्तावेजात्, यथा प्रमाण पत्रों आदि की स्व–प्रमाणित प्रतियां आदि संलग्न होना आवश्यक है। इसमें अभ्यर्थी के अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगां।
10. उक्त संविदा भर्ती पूर्णतया मेरिट पर आधारित है इसके लिए साक्षात्कार हेतु कोई प्रावधान नही है।
11. इसमें न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष तक एवं कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 11/01/2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छूट देय होगीं।
12. संविदा नियुक्ति प्रथमतः 31 मार्च, 2023 तक प्रभावी रहेगीं।
13. संविदा अभ्यर्थीयों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्ताकों के आधार पर मैरिट तैयार की जावेगीं।
14. संविदा कनिष्ठ तकनिकी सहायक के 80 प्रतिशत पद डिग्रीधारियों तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमाधारियों से भरे जावेगें।
15. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक + RSCIT के प्राप्तांक के आधार पर की जावेगीं परन्तु मेरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्ताकों के अधार पर किया जावेंगें। RSCIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नही है।
16. संविदाभर्ती वरीयता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदो के लिए कुल पदो का क्रमश 20 प्रतिशत पदों की प्रतिक्षा सूची तैयार की जावेगी
17. इच्छुक आवेदक के पात्र और चयनित होने पर बारॉ जिले की केवल एक ही नगरीय निकाय मे संविदा पद पर अनुबन्ध किया जावेगा अन्यथा सभी संविदा अनुबन्ध निरस्त कर दिये जावेगें।
18. Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules 2022 के प्रावधान इस विज्ञप्ति के भाग होंगें।

19. इस योजनान्तर्गत बारां जिले की समस्त 5 नगरीय निकायो मे कार्मिकों की उक्त संविदा भर्ती की कार्यवाही में श्रीमान जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना) बारां जिले के स्तर से जारी स्वीकृति और निर्णय ही अन्तिम होगा जो कि समस्त आवेदक अभ्यर्थियों को मान्य होगा।

20. संविदा से भरे जाने वाली भर्ती बारां जिले की समस्त 5 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदो की पदवार गणना कर बारां जिले स्तर पर ही की गई है जिसमें संविदा भर्ती नियम, 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानो की पालना की गई है। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त, निकाय का आवंटन श्रीमान जिला कलक्टर एंव जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना) बारां द्वारा पदवार वर्गवार लॉटरी से किया जावेगा ताकि किसी भी प्रकार के विवेकाधिकार का स्थान नही हो।

21. उक्त संविदा भर्ती में संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा आवेदित संविदा पद पर पात्रतानुसार मेरिट के आधार पर चयन के उपरान्त, उस कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति के लिए अनुबन्ध, उन्हे आवंटित नगरीय निकाय द्वारा सम्पादित किया जावेगा।

22. संविदा नियोजन पूर्णतया अस्थाई है तथा संविदा कार्मिक की सेवायें संतोषप्रद नही होने पर संविदा से पृथक किया जा सकेगा।

23. इस संविदा भर्ती में इच्छुक अभ्यर्थी राजस्थान में किसी भी योजना में अनियमितता/गबन/पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही कें आरोपो में दोषी है या संविदा से पृथक किये अभ्यर्थी आवेदन के योग्य नही माने जावेगें। चयनित अभ्यर्थी को अनुबन्ध के साथ इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

24. इस संविदा भर्ती से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना As Per Department of Personnel (A.Gr.–II), Government of Rajasthan's Notification No. F.17(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, dated : 11.01.2022 के अनुसार रहेगी।

25. उक्त संविदा भर्ती में किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति में श्रीमान जिला कलक्टर एंव जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना) बारां का ही निर्णय अन्तिम होगा। इसमें न्याय क्षेत्र बारां होगा।

जिला कलक्टर एंव
जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-Urban), बारां

क्रमांक :– 1693-1706

दिनांक :– 8/06/2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. श्रीमान शासन सचिव महोदय/निदेशक एंव संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
2. श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय, कोटा।
3. श्रीमान उपनिदेशक (क्षेत्रिय) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, कोटा।
4. श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय/श्रीमान उपखण्ड अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (सामान्य शाखा), कलैक्ट्रेट, बारां।
5. श्रीमान उपवन संरक्षक एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), बारां।

6. श्रीमान मुख्य अभियन्ता (सिविल)/वित्तीय सलाहकार/परियोजना निदेशक/संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क)/एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), बारां।
8. श्रीमान कोषाधिकारी, बारां/उप विधि परामर्शी, कलैक्ट्रेट, बारां।
9. श्रीमान सभापति महोदया, नगर परिषद बारां।
10. श्रीमान अध्यक्ष महोदय नगर पालिका छबड़ा/अन्ता/मांगरोल/अटरू।
11. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका छबड़ा/अन्ता/मांगरोल/अटरू।
12. अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), बारां।
13. वरिष्ठ लेखाधिकारी, नगर परिषद एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), बारां।
14. निजी सचिव, जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), बारां।

जिला कलक्टर एंव
जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-Urban), बारां

## आवेदन–पत्र

## इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-Urban)

जिला :– बारां

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम :– | |
| लिंग (पुरूष/महिला) :– | |
| पिता/पति का नाम :– | |
| आवेदक की जन्म तिथि :– | |
| मूल निवासी :– | |
| पद जिसके लिए आवेदन :– | |
| वर्ग :– | |
| मोबाईल नम्बर :– | |
| ई–मेल आईडी :– | |

| शैक्षणिक स्तर | वर्ष | बोर्ड/विश्वविधालय | प्राप्तांक | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | | |
| सी. सैकण्डरी | | | | | |
| डिग्री/डिप्लोमा | | | | | |
| अन्य योग्यता | | | | | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**नाम मय पत्र व्यवहार का पता**

## शपथ ग्रहिता

मैं शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं सत्य है एंव कोई तथ्य छुपाये नही गया है।

**आवेदक के हस्ताक्षर**